हो रही है जग संसार में जीवन और मृत्यु में जंग

हो रही है जग संसार में, जीवन और मृत्यु में जंग ,
कोरोना वायरस कर रहा है, मानव जाति को तंग ,

पृथ्वी पर मानव जीवन की डोर, अब हो रही तार तार है ,
हे संकटमोचन हनुमान, बस हमें अब आपका इंतजार है ,

हे महावीर मारुति, संजीवनी लेकर आप कब आएंगे ,
संजीवनी हमें ना मिली तो, हम सभी कैसे बच पाएंगे ,

वादा है श्रीराम से आपका, दुःखियों के कष्ट हरने आएंगे,
विश्वास हैं हमें, निश्चित ही आप अपना वादा निभाएंगे ,

श्रीराम जी के भरोसे ही, जी रहा यह सारा जग संसार है,
मेरे राम जी को सदा ही, हर मानव, हर जीव से प्यार है ,

हे प्रभु मन में दो ऐसा विश्वास, कि मन कभी ना घबराए ,
हे राम दे दो पवनपुत्र को आज्ञा, कि वे पवनवेग से आएं ,

आप के होते, कहीं हम यह युद्ध, कोरोना से हार ना जाएं,
कोरोना विषाणु, अपने विष से, हम सभी को मार ना जाए,

जय श्री राम !! महावीर पवनपुत्र हनुमान की जय ,

* SUNDARAM * 30/3/2020

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15478/title/ho-rahi-hai-jg-sansar-me-jeewan-or-marityu-me-jang

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |